राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
<u>बिहार लोक भवन, पटना–800022</u>

संख्या–24/2026

<u>प्रेस–विज्ञप्ति</u>

बिहार के माननीय राज्यपाल (मनोनीत) ले०ज० (अ०प्रा०) श्री सय्यद <u>अता हसनैन के पटना पहुँचने पर उनका स्वागत किया गया</u>

पटना 12 मार्च, 2026 :– बिहार के माननीय राज्यपाल (मनोनीत) ले०ज० (अ०प्रा०) श्री सय्यद अता हसनैन के पटना हवाई अड्डा पहुँचने पर माननीय उप मुख्यमंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा एवं अन्य मंत्रीगण, बिहार विधान परिषद् के माननीय सभापति श्री अवधेश नारायण सिंह तथा बिहार विधान सभा के माननीय अध्यक्ष डॉ० प्रेम कुमार ने उनका अभिवादन और स्वागत किया। इस अवसर पर वरीय प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारीगण तथा अन्य लोगों ने भी उनका अभिवादन किया।

माननीय राज्यपाल (मनोनीत) को पटना हवाई अड्डा पर गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया।

बिहार लोक भवन, पटना पहुँचने पर राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री रॉबर्ट एल० चोंग्थू सहित बिहार लोक भवन के पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने उनका स्वागत किया।

....